IAS PCS करेंट अफेयर्स

राजव्यवस्था

आरक्षण नहीं है मौलिक अधिकार

चर्चा में क्यों?

- तमिलनाडु में NEET पोस्ट ग्रेजुएशन रिजर्वेशन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को मौलिक अधिकार नहीं मानते हुए तमिलनाडु के कई राजनीतिक दलों द्वारा दाखिल की गई एक याचिका को ख़ारिज कर दिया।

मुख्य बिंदु

- तमिलनाडु की लगभग सभी राजनितिक पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राज्य के मेडिकल कॉलेजों में ओबीसी आरक्षण को 50 फ़ीसद करने की मांग की थी।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि याचिकाकर्ता चाहें तो वह अनुच्छेद 226 के तहत हाई कोर्ट जा सकते हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को मौलिक अधिकार नहीं माना है इसलिए संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकता।

संविधान का अनुच्छेद 32 और अनुच्छेद 226

- सुप्रीम कोर्ट के पास तीन के क्षेत्राधिकार हैं मूल क्षेत्राधिकार, अपीलीय क्षेत्राधिकार और न्यायिक क्षेत्राधिकार
- *मूल क्षेत्राधिकार*- भारत के संघीय ढांचे से जुडी इकाईयों से सम्बंधित विवाद का समाधान जैसे केंद्र राज्य संबंध,
- *अपीलीय क्षेत्राधिकार*- दीवानी मामले, अपराधिक मामले, विशेष अनुमति या अपील की सुनवाई इत्यादि।
- *न्यायिक क्षेत्राधिकार*- मूल अधिकारों का संरक्षक
- न्यायिक क्षेत्राधिकार के तहत सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 32 का प्रयोग करते हुए पांच प्रकार की रिट जैसे बंदी प्रत्यक्षीकरण(Habeas corpus), परमादेश

(Mandamus), प्रतिषेध (Prohibition), उत्प्रेषण(Certiorari) और अधिकार पृछा (Quo warranto) जारी करता है

- अनुच्छेद-226 के तहत हाई कोर्ट को भी उपर्युक्त पांच रिट जारी करने का अधिकार प्राप्त है।
- हालाँकि, सुप्रीम कोर्ट को केवल मूलाधिकारों के क्रियान्वयन के लिये जबकि हाई कोर्ट को मूल अधिकारों के अलावा अन्य उदेश्यों के लिए भी रिट जारी करने का अधिकार प्राप्त है।

अर्थव्यवस्था

निवेश साख के मामले में भारत लगातार 13वें वर्ष निचले स्तर पर बरकरार

चर्चा में क्यों?

- वैश्विक रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर ने लगातार 13 वें वर्ष स्थिर परिस्थितियों के साथ भारत की साख को निवेश के लिए सबसे निचले स्तर पर बरकरार रखा है।

मुख्य बिंदु

- भारत के लिए दीर्घकालीन ‘BBB’ और अल्पकालीन विदेशी और स्थानीय मुद्रा साख के लिए ‘A-3’ रेटिंग निर्धारित की गई है।
- BBB रेटिंग किसी देश की अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की क्षमता का संकेतक है।
- स्टैंडर्ड एंड पुअर ने भारत के संदर्भ में कहा है कि अर्थव्यवस्था और राजकोष के मामले में परिस्थितियाँ स्थिर होगी।
- भारत में दीर्घकालीन वृद्धि को लेकर जोखिम बढ़ रहा है लेकिन वर्ष 2021 में इन परिस्थितियों में सुधार होगा।
- भारत की रेटिंग देश की GDP में औसत से अधिक वृद्धि होने, बाहरी मोर्चे पर मजबूत स्थिति और उभरती मौद्रिक स्थिति में सुधार का संकेत दे रहें हैं।

- मौजूदा वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में 5 फीसदी की गिरावट की आशंका है।
- वर्ष 2020-21 में 8.5 और 2022-23 में 6.5 फीसदी रहने की सम्भावना है।
- कोरोना संकट के कारण भारत का श्रम बाजार कमजोर हुआ है जिसे पटरी पर आने में समय लगेगा।
- स्टैंडर्ड एंड पुअर ने पहली बार भारत को 2007 में 'BBB-' रेटिंग दी थी, किन्तु वह सितंबर 2014 से देश में परिस्थितियों को स्थिर बताता रहा है।

स्थिर परिस्थितियों का कारण

- भारत के मजबूत लोकतांत्रिक मोर्चे पर स्थिरता, मध्यमार्ग को बढ़ावा देते हैं और साख का समर्थन करते हैं।
- ये परिस्थितियाँ देश में निम्न प्रति व्यक्ति आय और बढ़ते राजकोषीय घाटे से उत्पन्न समस्याओं को लेकर एक संतुलन पैदा करती हैं।

अन्य रेटिंग

- मूडीज ने भारत की रेटिंग Baa2 से घटा कर Baa3 (इन्वेस्टमेंट के लिए सबसे निचले स्तर) कर दिया है।
- फिच रेटिंग्स ने भी स्थिर परिदृश्य के साथ भारत को BBB- रेटिंग दी है।

रेटिंग का लाभ और हानि

- FDI और FII निवेश प्रभावित होता है

कृषि

वर्ष 2020-21 के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने कृषि सिंचाई योजना के घटक 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के तहत राज्य सरकारों को 4000 करोड़ रुपये का वार्षिक आवंटन किया है।

मुख्य बिंदु

- इस योजना को कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा चलाया जा रहा है।
- इसके अलावा, इस योजना के लिए नाबार्ड के साथ मिलकर पांच करोड़ रुपये का सूक्ष्म सिंचाई कोष भी बनाया गया है।
- इस योजना के माध्यम से ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों के द्वारा खेत में जल के उपयोग की क्षमता बढ़ाने पर फोकस किया जाता है।
- ड्रिप सूक्ष्म सिंचाई तकनीक से जल की बचत करने, उर्वरक के उपयोग और श्रम खर्च इत्यादि लागत को कम करने में मदद मिलती है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

- इसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने 1 जुलाई, 2015 को मंजूरी दी थी।
- इसमें पाँच वर्षों (2015-16 से 2019-20) के लिये 50 हज़ार करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

उद्देश्य

- मानसून पर खेती की निर्भरता को कम और हर खेत तक पानी पहुंचाना।
- निवेश में एकरूपता लाना, **'सभी खेतों की सिंचाई'** के जरिये कृषि क्षेत्र का विस्तार करना।
- खेतों में पानी के इस्तेमाल करने की दक्षता को बढ़ाकर पानी की बर्बादी को रोकना।
- 'पर ड्रॉप मोर क्रोप' की तकनीकी सिंचाई की विधि के साथ ही पानी का संरक्षण करना।
- साथ ही इस योजना के विजन के रूप में देश के सभी कृषि फार्म में संरक्षित सिंचाई की पहुंच सुनिश्चित करना इत्यादि।

पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

एशियाई शेरों की संख्या में बढ़ोतरी

चर्चा में क्यों ?

- प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा है कि गुजरात के गिर जंगल में रहने वाले एशियाई सिंहों की संख्या में लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उनके भौगोलिक विस्तार में भी लगभग 36 फीसदी का इजाफा हुआ है।

मुख्य बिंदु

- पिछले कई वर्षों से गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।
- इसे सामुदायिक भागीदारी, प्रौद्योगिकी पर जोर, वन्यजीव स्वास्थ्य सेवा, उचित पर्यावास प्रबंधन और मानव-सिंह टकराव को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से बल मिला है।

एशियाई शेर

- एशियाई शेरों को रेड लिस्ट के Endergered यानि संकट ग्रस्त श्रेणी में शामिल किया गया है

- अवैध शिकार के कारण 1890 के दशक के अंत में एशियाई शेरों की संख्या 50 से भी कम बची थी।

- केंद्र सरकार और गुजरात सरकार द्वारा सुरक्षा के कड़े उपाय किये जाने के कारण एशियाई शेरों की संख्या में लगातार वृद्धि हुयी है।

- वर्ष 2015 में हुई आखिरी जनगणना में लगभग 1648 वर्ग किमी. के गिर संरक्षित क्षेत्र के नेटवर्क यानि Gir Protected Area Network में एशियाई शेरों की संख्या 523 दर्ज की गई थी।

- गुजरात में लगभग गिर संरक्षित क्षेत्र में गिर राष्ट्रीय उद्यान, गिर अभयारण्य, पानिया अभयारण्य और मितीला अभयारण्य शामिल है।

- एशियाई शेर पूर्वी एशिया में झारखण्ड के पलामू से लेकर ईरान के तक पाए जाते थे।

संरक्षण के लिये किये गए प्रयास

- केंद्र प्रायोजित परियोजना प्रोजेक्ट टाइगर और वन्य जीव आवासों का विकास के साथ ही गुजरात सरकार ने भी एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए आवासीय सुधार, वैज्ञानिक हस्तक्षेप, पारिस्थितिकी विकास जैसे प्रयास किये गये है।

इंडेक्स/रिपोर्ट

2020 कॉस्ट ऑफ लिविंग मर्सर सर्वेक्षण

चर्चा में क्यों ?

- मर्सर सर्वेक्षण कॉस्ट ऑफ लिविंग सर्वे, 2020 में प्रवासियों के लिए मुंबई भारत का सबसे महंगा शहर है।

मुख्य बिंदु

- इस सर्वेक्षण में दुनिया के कुल 209 शहरों की रैंकिंग की गयी है।
- मुंबई विश्व स्तर पर प्रवासियों के रहने के लिए 60वाँ सबसे महंगा शहर है जबकि एशिया में 19वें स्थान पर है।
- इस सूची में विश्व स्तर पर नई दिल्ली को 101 और चेन्नई को 143वें स्थान पर रखा गया है।
- इस सूची में वैश्विक स्तर पर हांगकांग पहले स्थान और तुर्कमेनिस्तान का अश्गाबात दूसरे स्थान पर है जबकि जापान का टोक्यो तीसरे और स्विट्जरलैंड का ज्यूरिख चौथे स्थान पर हैं।

सर्वेक्षण का मानदंड

- शहरों को आवास, भोजन, यातायात के साधन, कपड़े, मनोरंजन और घरेलू सामान इत्यादि को रैंकिंग का आधार बनाया गया है।

अभ्यास प्रश्न

1- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. हल ही NEET पोस्ट ग्रेजुएशन रिजर्वेशन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को मौलिक अधिकार मानने से इंकार किया है.
2. मौलिक अधिकारों से जुड़े मामलों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के मूल क्षेत्राधिकार का हिस्सा है

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/ हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

2- स्टेंडर्ड एंड पुअर द्वारा भारत की रेटिंग से संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. अर्थव्यवस्था और राजकोष के मामले में परिस्थितियाँ स्थिर होगी.
2. देश कीGDP में औसत से अधिक वृद्धि होने, बाहरी मोर्चे पर मजबूत स्थिति और उभरती मौद्रिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं।
3. स्टेंडर्ड एंड पुअर ने पहली बार भारत को वर्ष 2007 में 'BBB-' रेटिंग दी थी

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/ हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1,2 और 3

3- हाल ही में चर्चा में रही प्रधानमंत्री ने कृषि सिचाई योजना के संदर्भ में कौन सा एक कथन सत्य है?

(a) इसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने वर्ष को मंजूरी दी 2015थी.

(b) इसमें चार वर्षों के लिये 50 हज़ार करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है.

(c) इसमें सिमित खेतों के लिए सिंचाई का प्रावधान किया गया है.

(d) इसमें पानी के संरक्षण से जुड़े कोई प्रावधान नहीं है

4- हाल ही में चर्चा में रहे एशियाई शेरों से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. एशियाई सिंहों की संख्या में लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है

2. उनके भौगोलिक विस्तार में भी लगभग 36 फीसदी का इजाफा हुआ है।

3.प्रोजेक्ट टाइगर के तहत वन्य जीव आवासों का विकास, आवासीय सुधार, वैज्ञानिक हस्तक्षेप और पारिस्थितिकी विकास जैसे तत्व शामिल है.

नीचे दिए गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

5- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. मर्सर सर्वेक्षण 'कॉस्ट ऑफ लिविंग सर्वे, 2020 में प्रवासियों के लिए चेन्नई भारत का सबसे महंगा शहर है।

2. मुंबई विश्व स्तर पर प्रवासियों के रहने के लिए 60 वां सबसे महंगा शहर है. जबकि एशिया में यह 19वें स्थान पर है.

3. शहरों में आवास, भोजन, यातायात के साधन, कपड़े, मनोरंजन और घरेलू सामान रैंकिंग का आधार है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन **सही नहीं** है/ हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2 (d) 1,2 और 3